# फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम तथा दवा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आज दिनांक 6 सितंबर, 2024 को फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम तथा दवा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने फाइलेरिया जैसी लाइलाज बीमारी के बारे में छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम में महेवा के सी एच सी के चिकित्सक डॉ दिलीप कुमार ने फाइलेरिया के प्रति जागरूकता के लिए अपने विचारों का साझा किया तथा फाइलेरिया से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीकियों हम दावों के बारे में विस्तार से बताया। इटावा पीसीआई के कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 51 जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें 27 जनपद अतिसंवेदनशील है। इटावा भी उन संवेदनशील जनपदों में आता है जहां पर 1000 फाइलेरिया से पीड़ित मरीज हैं। पीसीआई के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राघवेंद्र ने एमडीए से संबंधित दवा के प्रयोग के बारे में बताया उन्होंने बताया कि 2 साल से कम आयु वाले बच्चे, गर्भवती महिलाओं एवं क्रिटिकल स्टेज में रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया की दवा खाली पेट नहीं खाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने फाइलेरिया रोग के विशेष प्रकार के लक्षणों एवं उससे बचाव के लिए विधियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया की मच्छर के बचाव के लिए मच्छरदानी का जरूर प्रयोग करें। गंदगी से दूर रहें, दिन में पूरी बांह कपड़े पहने तथा खुद दवा खाएं और दूसरों को भी खिलाएं। अगर एक भी फाइलेरिया का मरीज उपस्थित है तो उससे रोग फैलने के चांस हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यापित किया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दूसरे सत्र में फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा खिलाई गई। कॉलेज में प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को दवा खिलाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा की एएनएम श्रीमती विनीता तथा आशा श्रीमती मीना, श्रीमती सुनीता, श्रीमती सरोज एवं श्रीमती कृष्णा आदि के सहयोग से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित 310 ने छात्र-छात्राओं ने दवा खाई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ के प्राध्यापक डॉ एमपी यादव, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित, जयवीर सिंह, रुस्तम बाबू, संदीप कुमार तथा कॉलेज के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।



# जनता कालेज, बकेवर (इटावा)

दिनांक 05.09.2024

## आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं कालेज के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 06-09-2024 को सुबह 10:30 बजे फाइलेरिया जागरुकता कार्यक्रम पर गोष्ठी एवं दवा वितरण कराने का एक दिवसीय कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है।

अतः कालेज के समस्त छात्र-छात्रायें लंच करके आयें क्योंकि खाली पेट दवा नहीं खायी जायेगी।

सम्पूर्ण staff भी उपयुक्त का सेवन करें। इस हेतु उपर्युक्त निर्देशों का पालन करें
05/9/24

(डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी)
प्राचार्य

05/9/24
(डॉ मनोज कुमार यादव)
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना
कालेज, बकेवर, इटावा – 206124
(सम्बद्ध : छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर)




10 अगस्त से
Shot on moto g84 5G


vivo T1

# फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता व दवा वितरण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



स्पष्ट आवाज़

**बकेवर इटावा।** जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता तथा दवा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी ने फाइलेरिया जैसी लाइलाज बीमारी के बारे में छात्रों को जागरूक किया।कार्यक्रम में महेवा के सीएचसी के चिकित्सक डॉ.दिलीप कुमार ने फाइलेरिया के प्रति जागरूकता के लिए अपने विचारों का साझा किया तथा फाइलेरिया से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीकियों व दावों के बारे में विस्तार से बताया।इटावा पीसीआई के कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 51 जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें 27 जनपद अतिसंवेदनशील है।इटावा भी उन संवेदनशील जनपदों में आता है जहां पर 1000 फाइलेरिया से पीड़ित मरीज हैं। पीसीआई के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राघवेंद्र ने एमडीए से संबंधित दवा के प्रयोग के बारे में बताया।उन्होंने बताया कि 2 साल से कम आयु वाले बच्चे,गर्भवती महिलाओं एवं क्रिटिकल स्टेज में रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा का प्रयोग करना चाहिए।उन्होंने बताया कि दवा खाली पेट नहीं खाना चाहिए।

# 310 छात्र-छात्राओं ने खाई फाइलेरिया की दवाई

बकेवर। जनता कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता को लेकर संगोष्ठी हुई। इस मौके पर छात्र छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित कुल 310 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई।

कार्यक्रम में महेवा सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने कहा कि फाइलेरिया की दवा लेते रहने से इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। पीसीआई के कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। बताया कि प्रदेश में 51 जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें 27 जनपदों में एमडीए अभियान चलाया जा रहा है। इटावा भी संवेदनशील जनपदों में आता है जहां फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या एक हजार से अधिक हैं। इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने फाइलेरिया रोग के विशेष प्रकार के लक्षणों एवं उससे बचाव की विधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार, प्राध्यापक डॉ. एमपी यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)



जनता कॉलेज में फाइलेरिया की दवा खाते प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी। संवाद